दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 04
अंकः-147
मुरादाबाद
(Tuesday)
17 September 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## अहमदाबाद मेट्रो रेल एक्सटेंशन के दूसरे चरण का उद्घाटन, पीएम मोदी ने मेट्रो में सफर भी किया




नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद मेट्रो रेल एक्सटेंशन के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ सेक्शन 1 मेट्रो स्टेशन से गिफ्ट सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया। यह मेट्रो रेल एक्सटेंशन अहमदाबाद और गांधीनगर को जोड़ने वाली मेट्रो रेल सेवा का दूसरा चरण है।जून में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मोदी का अपने गृह राज्य का यह पहला दौरा है। इस दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने यहां हवाई अड्डे पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गांधीनगर में 'री-इन्वेस्ट 2024' की शुरुआत की। वे अहमदाबाद में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु के थूथुकडी पोर्ट पर नए अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत यात्रा में एक अहम पड़ाव है। यह टर्मिनल भारत के समुद्री ढांचे में एक नया सितारा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु के थूथुकडी पोर्ट पर नए अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत यात्रा में एक अहम पड़ाव है। यह टर्मिनल भारत के समुद्री ढांचे में एक नया सितारा है। इसे वी.ओ. चिदंबरानार पोर्ट की क्षमता बढ़ेगी और लॉजिस्टिक लागत कम होगी व देश का विदेशी मुद्रा खर्च भी बचाया जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि दो साल पहले मैंने वी.ओ.सी पोर्ट से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया था। उस समय इस पोर्ट की कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए कई काम शुरू हुए थे। जब मैं फरवरी में थूथुकुडी आया, तो पोर्ट से जुड़े कई काम शुरू हुए। इन कामों की तेजी को देखकर मेरी खुशी दोगुना हो गई है। मुझे खुशी है कि इस नए टर्मिनल में चालीस फीसदी महिलाएं होंगी। इसलिए, यह टर्मिनल समुद्री क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व का प्रतीक बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर में श्री सोमनाथ ट्रस्ट की एक बैठक की अध्यक्षता भी की। पत्र सूचना कार्यालय ( पीआईबी ) के मुताबिक, राज्य में यह ट्रस्ट विश्व विख्यात सोमनाथ मंदिर का कामकाज संभालता है। प्रधानमंत्री मोदी इस ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। बैठक रविवार रात को राजभवन में हुई और प्रधानमंत्री ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में %पीएम सूर्य घर% के लाभार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री सोमवार सुबह करीब 10 बजे वावोल स्थित शालीन-2 सोसायटी पहुंचे। यहां उन्होंने ऐसे कई लोगों से बात की, जिन्होंने अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाए हैं। प्रधानमंत्री यहां करीब 20 मिनट तक रुके। सरकार ने 29 फरवरी को 75,021 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी %पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना% शुरू की थी। इसका मकसद घरों की छतों पर सौर पैनल लगाकर आवासीय परिवारों को खुद बिजली पैदा करने में सक्षम बनाना है। इसके तहत दो किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत और दो से तीन किलोवाट क्षमता वाली प्रणालियों के लिए अतिरिक्त लागत का 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता AI और डेटा विश्लेषण का करें अध्ययन, बोले सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना ने सोमवार को कहा कि वकीलों के पास बहुत सारे अवसर हैं। उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई ), आनुपातिकता और डेटा विश्लेषण का अध्ययन करना चाहिए।साढ़े पांच करोड़ मामले लंबित- औरंगाबाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि देश भर की अदालतों में 5.5 करोड़ मामले लंबित हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट में 83 हजार मामले शामिल हैं।करीब 15 लाख अधिवक्ता नामांकित- उन्होंने कहा, देश में 1700 कानूनी कॉलेज हैं। हर साल लगभग एक लाख अधिवक्ता इनमें दाखिला लेते हैं। बार काउंसिल में करीब 15 लाख अधिवक्ता नामांकित हैं। अधिवक्ताओं को न केवल इन मामलों पर बहस करनी होती है, बल्कि अदालतों में न्यायाधीशों और न्यायाधिकरणों के सदस्यों के रूप में भी काम करना पड़ता है। इसलिए, आपके लिए बहुत बड़ा अवसर इंतजार कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा निर्माण और डेटा विश्लेषण, आनुपातिकता जैसे उभरते क्षेत्र विधायी और कार्यकारी नीति के साथ-साथ न्यायिक निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। कानून को अलग-थलग करके नहीं समझा जा सकता और इसके लिए अंत में विषय अध्ययन की आवश्यकता होगी।

## 'आतंकवाद को पाताल में दफन करेंगे..', किश्तवाड़ में शाह ने नेकां-कांग्रेस पर बोला हमला



गृहमंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में रैली कर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर जमकर हमला बोला। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को पातल में दफन कर देंगे।मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को मजबूत किया। मैं पूछना चाहता हूं फारूक अब्दुल्ला से कि आपकी तीन पुश्तों ने राज किया, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज कभी मिला था? मोदी जी ने घाटी से लेकर मैदान तक, सभी को 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त दिया। पीएम मोदी ने जो धारा-370 हटाई, वो अब इतिहास का पन्ना हो गई है। भारत के संविधान में अब धारा-370 के लिए कोई जगह नहीं रह गई है। जम्मू कश्मीर में अब दो विधान, दो प्रधान और दो झंडे कभी नहीं हो सकते हैं। झंडा सिर्फ हमारा प्यारा तिरंगा होगा।जम्मू-कश्मीर का ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ताकतों के बीच है। एक ओर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस है और दूसरी ओर भाजपा है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि अगर हमारी सरकार बनी तो धारा-370 को वापस लाएंगे। पहाड़ियों और गुर्जर भाइयों को जो आज आरक्षण मिला है, वो धारा-370 के रहते नहीं मिल सकता था।नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन हमेशा से आतंकवाद का पोषक रहा है। जब-जब घाटी में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की सरकार आई, तब-तब यहां आतंकवाद को बढ़ावा मिला है। याद कीजिए 90 के दशक को... मैं फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि आप यहां के मुख्यमंत्री थे, राजीव गांधी के साथ समझौता करके चुन कर आए। जब हमारी घाटी खून से लथपथ हो गईं तो आप कहां थे? एक ओर वे लोग ( नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ) आतंक से लैस जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं, तो दूसरी ओर पीएम मोदी विकसित कश्मीर बनाना चाहते हैं। धारा-370 हटने के बाद यहां की महिलाओं को जो आरक्षण मिला है, उसे वो ( नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ) समाप्त करना चाहते हैं, तो वहीं मोदी जी महिलाओं के साथ गुर्जर, पहाड़ी, दलित और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं। शाह ने कहा, 1990 की तरह आज भी प्रयास हो रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने यहां कुछ वादें किए हैं कि उनकी सरकार आएगी तो आतंकवादियों को छोड़ देंगे। मैं आज आप लोगों को कहता हूं कि ये नरेन्द्र मोदी सरकार है, किसी की हिम्मत नहीं है, भारत की भूमि पर आतंकवाद फैलाए।गृहमंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में रैली कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंन जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने विभाजन के दिन देखें, 1990 में आतंकवाद के दिन देखें। चंद्रिका शर्मा हों या परिहार बंधु हों...सभी ने कुर्बानियां दीं। मैं आज इस क्षेत्र सहित जम्मू-कश्मीर की जनता से वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इतना नीचे दफन करेंगे कि कभी बाहर नहीं आ पाएगा।

## एक देश एक चुनावः BJP पर कांग्रेस का हमला, 'ये व्यावहारिक नहीं, सरकार स्थिति जांचने के छोड़ रही सियासी शिगूफा'



कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को कहा कि एक देश, एक चुनाव का विचार व्यावहारिक नहीं है और देखने वाली बात होगी कि स्थिति को जांचने के लिए सरकार कब तक ऐसे सियासी शिगूफा छोड़ कर बच सकेगी। देश में सत्ताधारी गठबंधन एनडीए की तरफ से मौजूदा कार्यकाल में एक देश एक चुनाव को लागू करने के रिपोर्ट पर कांग्रेस पार्टी ने जोर देकर कहा कि %एक राष्ट्र, एक चुनाव% का कोई मसौदा प्रस्ताव नहीं था और सरकार ने इस पर बात करने का कोई प्रयास नहीं किया। ह्न इसी कार्यकाल में लागू करेगी एक देश एक चुनाव- सूत्रों के अनुसार भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल के दौरान %एक राष्ट्र, एक चुनाव% को लागू करेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि सुधार उपाय को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन की एकजुटता बाकी कार्यकाल में समान रहेगी।यह सरकार कब तक टिकेगी?- सुप्रिया श्रीनेत- वहीं सरकार के इसी कार्यकाल में %एक राष्ट्र, एक चुनाव% लागू किए जाने की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, आपने सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा, मैं कांग्रेस पार्टी की आधिकारिक प्रवक्ता हूं और मोदी सरकार की कई विफलताओं को उजागर कर रही हूं। चुनिंदा सूचनाएं लीक करके यह सरकार कब तक टिकी रहेगी?सरकार ने हमसे कोई बातचीत नहीं की- कांग्रेस- यह सरकार इस देश की वास्तविक समस्याओं से आंखें मूंदकर कब तक टिकी रहेगी? सूचनाएं फैलाकर, वास्तविकता यह है कि एक देश, एक चुनाव कोई मसौदा नहीं है, वास्तविकता यह है कि कोई चर्चा नहीं हुई है, वास्तविकता यह है कि विधानसभाएं चल रही हैं, वास्तविकता यह है कि सरकार ने हमसे बात करने का कोई प्रयास नहीं किया है। भाजपा के घोषणापत्र का एक प्रमुख वादा - बता दें कि %एक राष्ट्र, एक चुनाव% भाजपा की तरफ से लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए गए प्रमुख वादों में से एक था। इसके लिए मार्च में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी, उसके बाद 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने चाहिए। हालांकि इस समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं की है।

## मुरादाबाद पहुंचे श्रीश्री रविशंकरः टीएमयू ने प्रदान की डीलिट की मानद उपाधि, विद्यार्थियों से किया संवाद



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इसमें आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर शामिल हुए। उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई।तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी ( टीएमयू ) में विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें आध्यात्मिक गुरु व आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

सोमवार को श्रीश्री रविशंकर का टीएमयू पहुंचने पर कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने स्वागत किया। यूथ मीट के दौरान श्रीश्री रविशंकर विद्यार्थियों के साथ सफलता, सकारात्मक सोच, ऊर्जा आदि विषयों पर संवाद किया।

विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत करेंगे। शाम को श्रीश्री रविशंकर ज्ञान वार्ता में शहर के उद्योगपति, निर्यातक, चिकित्सक, इंजीनियर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि से रूबरू होंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षकों के साथ बैठक होगी। इसके अलावा 17 सितंबर को ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चा होगी। साथ ही कृषि में सुधारों एवं प्राकृतिक खेती के बारे में भी चर्चा की जाएगी।

## जूनियर डॉक्टरों पर बरसे बंगाल के मंत्री, कहा- सरकार को बदनाम करने के लिए हो रहा सियासी कार्यक्रम

पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने सोमवार को जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल की आलोचना की। उन्होंने इसे नाटक और राज्य की टीएमसी सरकार को बदनाम करने के इरादे से किया जा रहा राजनीति कार्यक्रम करार दिया। पश्चिम बंगाल में आरजी कर केस बाद चौतरफ घिरी राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार के मंत्री अब जूनियर डॉक्टरों पर निशाना साधते हुए दिख रहे हैं। बता दें कि जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल की आलोचना करते हुए राज्य सरकार में वरिष्ठ मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने कहा कि ये एक नाटक है और राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए लिए राजनीति से प्रेरित कार्यक्रम है।उन्होंने पत्रकारों से कहा, जूनियर डॉक्टरों को अब यह नाटक बंद कर देना चाहिए। यह काफी समय से चल रहा है और स्पष्ट रूप से ये अपनी सीमाएं पार कर चुका है। यह स्पष्ट है कि निहित राजनीतिक स्वार्थ अब आंदोलन को निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ जूनियर डॉक्टर लाइव-स्ट्रीमिंग की मांग कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सरकार पर भरोसा नहीं है। फिर भी, वे अपने कर्तव्यों का पालन किए बिना सरकार से वेतन ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब डॉक्टरों को पदोन्नति की जरूरत होती है तो वे सरकार पर भरोसा करते हैं लेकिन जब बातचीत की बात आती है तो नहीं? यह बेतुका है। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को पांचवीं और अंतिम बार आरजी कर गतिरोध को हल करने के लिए प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को बातचीत के लिए आमंत्रित किया, जबकि दो दिन पहले बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग पर असहमति के कारण पिछली चर्चा विफल हो गई थी। प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को भेजे गए एक ईमेल में मुख्य सचिव मनोज पंत ने उनसे बातचीत के लिए सोमवार को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर आने को कहा है। स्वास्थ्य भवन के बाहर आठवें दिन भी धरना जारी- इधर राज्य में आंदोलनकारी डॉक्टरों का स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर आठवें दिन भी धरना जारी और आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए 36वें दिन भी कार्य बष्हिकार जारी रखा। कोलकाता पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों को हटाने - के पूरा होने तक अपना विरोध जारी रखने की कसम खाई है।

संपादकीय Editorial

# Why did these barricades break?

People who are submerged in Pong, Govind Sagar and Kol Dam have now started expressing their sentiments and anger in front of a mosque. Now the matter has gone beyond encroachment and even beyond the religion of law and where an unwanted Kurukshetra has pierced the chest of Sanjauli. Who liked this scene and who got scared. Is the injury of the police personnel for peace a proof that the trees of mutual animosity are becoming green or is it the fault of the barricade which broke in the storm of public anger and the traveler who got trapped there for a moment got defeated. We sowed some seeds on this pretext. Tomorrow they will grow and in this way the seeds of hatred will spread on this land which was never red before. There can be many reasons for the issue, there can be many clouds of doubts, but how did we reach this stage, this has to be seen. The heirs of these illegal destinations are also those who are gnawing away at the system while living in it. All these walls were not built during the current government and neither were all the people opposing it religious organisations, but we cannot do justice to such issues by stepping on the cracks. The mosque file has been complaining about many previous governments, but now Wednesday's events have shown when and at what level the barricades can break. The mosque, which stands between the opposition, the system, the law and the society, can neither become a symbol of religion and become the cause of a fight, nor should it be a religious battlefield. In fact, the illegal, unwanted and unnecessary expansion of the mosque has been throwing dust in the eyes, but the red eyes of religion are beyond our traditions. There is a group as well as a community in opposition. The group is looking at who is cheating and who is deceiving and the community is looking at what the community can do or has done. In both these situations, the role of the government becomes important. Obviously, politics has its own standards and these are agitating Himachal again and again. Although the Shanta Kumar government of Himachal Pradesh had to sacrifice its life in the demolition of Babri Masjid, the Hindu majority community here did not allow the return of this government on the basis of religion. However, the political scenario is not the same as before and neither is the national inspiration. The atmosphere that is being created by the spark of majoritarianism in the country is reducing the scope of dialogue between communities and its echo has spread in every sphere of social media. In this context, the flood of Sanjauli is not just a one-day event, but is calling for events to come. Some thorns of religious identity are bothering the eyes, while the equations of new issues are also being seen in the business activities of the state. If the mosque is going beyond being a place of worship and is proving some power or the iron rods being installed on every floor are being sponsored, then one arrow is enough to ignite the worries of the environment. The crowd of Sanjauli is making a challenging complaint to the government with expertise and resolve and therefore the closure of the market on the second day of the protest has shown that the matter is being looked into directly. In such a situation, the state government will have to extend the law to get out of this chaos, but the limits of language decorum and democratic decorum will have to be strengthened.

# The Infinite Space Bag and Us

Space may contain vacuum, not air. But it is not empty. Imagine a friend of yours bragging about a huge building, stadium or museum. When you look at that building, does it seem huge or empty to you? But, the word huge does not always mean empty. It just means that there is enough space for the objects inside it to move around. Similarly, space is not completely empty. It is vast and always expanding, but there are lots of things in it. As children, we often wonder how far away the clouds are, what lies beyond the Earth and how vast space is! In reality, the Earth is surrounded by many layers of different gases. At sea level, the Earth's atmosphere contains about 100 billion molecules per cubic centimeter. As we go higher, the atmosphere becomes thinner. At an altitude of about 50 to 62 miles (80 to 100 km), there is not enough air for planes to fly. This boundary, which separates Earth's atmosphere from outer space, is called the Kármán line, named after physicist Theodore von Kármán. Everything above it is called space. Space is a vast, almost completely vacuum, mostly devoid of matter. However, it is not completely empty. Space is scattered with matter, called the interstellar medium, which consists of hydrogen and helium atoms. It also contains cosmic dust—tiny particles of various elements, including carbon and silicon, scattered throughout space. High-energy particles, called cosmic rays, travel through space at nearly the speed of light. Space is filled with many types of radiation, including cosmic microwave background radiation. Magnetic fields generated by stars, planets, and other celestial bodies also pervade space. Scientists estimate that dark matter makes up a significant portion of the universe's mass. Dark energy is also driving the universe's accelerated expansion. Space is a mixture of particles, radiation, magnetic fields, and mysterious forms of matter and energy. Imagine space as a 3D playground, inside which exist objects such as stars, planets, nebulae, and galaxies, all of which combine to form our fascinating and complex universe.



# It is important to know: How was Takshak saved from the Nag Yagya? Know the whole story from the pages of culture

The priests started performing the yagna wearing black clothes. They started offering sacrifices in the fire by taking the names of snakes, due to which innumerable snakes, young and small, fell in the fire and were burnt to ashes. Preparations for the Nag Yagya began with the order of Janamejaya. Then a Vaastu expert predicted, 'Looking at the place and time at which the yagna has started, it seems that the yagna will not be completed due to a Brahmin!' But Janamejaya continued the yagna. The priests started performing the yagna wearing black clothes. They started offering sacrifices in the fire by taking the names of snakes, due to which innumerable snakes fell in the fire and were burnt to ashes. Seeing this, Takshak got scared and went to the shelter of Devraj Indra. Due to the effect of the yagna, Nagraj Vasuki also started feeling dizzy. The gods went to Brahma to protect him. Brahma said that Sage Jaratkaru had married Vasuki's sister Jaratkaru. Only their son Aastik can save the snakes. Then mother Jaratkaru prayed to Aastik to save her brother Vasuki. Aastik immediately reached the place of Yagna and started praising King Janmejaya, the priests, etc. Aastik compared Janmejaya's Yagna with the Yagnas of Varundev, Brahma, Indra, King Rantidev, Yamraj, Gaya, Shashabindu, Kubera, Nriga, Ajamidh, Shri Ram and Yudhishthira and said that Janmejaya's Yagna is as good as the Yagnas of all these. Aastik praised the priests and other members profusely, hearing which everyone became happy. Janmejaya was so happy that he asked Aastik to ask for any boon he desired. But the Ritwij said that Takshak should be allowed to fall in the fire before granting the boon. Due to the effect of the mantras, most of the snakes fell into the sacrificial fire and were reduced to ashes, but Takshak was still alive. Agnidev told that Takshak is Indradev's friend and is hiding in his plane. Then Janmejaya said that the mantras should be chanted in such a way that Indra also falls into the fire along with Takshak. Knowing this, Indra left Takshak's side. As soon as the yagya's hota offered the aahuti in Takshak's name, Takshak became visible in the sky. He was slowly coming closer to the flames of the sacrificial fire. The Ritwij said- 'Maharaj, no one can stop Takshak from falling into the fire, so now you can grant the boon to this Rishi-kumar.' Astik was waiting for this moment. Takshak was about to fall into the fire when Astik said- 'Maharaj! I ask for a boon that your yagya should stop immediately.' Then Aastik, looking at Takshak, said three times-'Stop!' On saying this, Takshak stopped in midair. Janamejaya was bound by his word, he said-'Let the yagya be finished and all the snakes should be safe now!' On saying this, the yagya stopped. Aastik had protected Takshak and all the other snakes, pleased with which Vasuki asked him to ask for a boon. Aastik asked, 'Whoever recites this story of mine, should never be afraid of snakes!' Then Nagraj Vasuki gave three mantras named Asit, Artiman and Sunith, by reciting which a person does not have to fear snakes. These mantras are- Yo jaratkaruna jaato jaratkarou mahayashah. Aastik: Sarpastrae va: pannagaan yosbhyarakshat. Tam smrantam mahabhaga na maam hinsitumarhath. (I am remembering the famous sage named Aastika who was born from the snake girl named Jaratkaru from the sage Jaratkaru and who protected you snakes in the snake season. Very fortunate snakes! You all do not bite me.) Sarpaapsarp Bhadram Te Gachchh Sarp Mahavish. Janmejayasya Yajyante Aastikvachanam Samar (Mahavishadhar snake! Run away! May you be blessed! Remember the promise you gave to Aastik at the end of Janamejaya's yagya.) Aastikasya vacah shrutva yah sarpo na nivartate murdhani shinsavrikshaphalam yatha (The snake which will not return even after hearing the words of Aastik, its hood will break into hundreds of pieces like rosewood fruit) .)The gods went to Brahma to protect him. Brahma said that Sage Jaratkaru had married Vasuki's sister Jaratkaru. Only their son Aastik can save the snakes. Then mother Jaratkaru prayed to Aastik to save her brother Vasuki. Aastik immediately reached the place of Yagna and started praising King Janmejaya, the priests, etc. Aastik compared Janmejaya's Yagna with the Yagnas of Varundev, Brahma, Indra, King Rantidev, Yamraj, Gaya, Shashabindu, Kubera, Nriga, Ajamidh, Shri Ram and Yudhishthira and said that Janmejaya's Yagna is as good as the Yagnas of all these. Aastik praised the priests and other members profusely, hearing which everyone became happy. Janmejaya was so happy that he asked Aastik to ask for any boon he desired. But the Ritwij said that Takshak should be allowed to fall in the fire before granting the boon. Due to the effect of the mantras, most of the snakes fell into the sacrificial fire and were reduced to ashes, but Takshak was still alive. Agnidev told that Takshak is Indradev's friend and is hiding in his plane. Then Janmejaya said that the mantras should be chanted in such a way that Indra also falls into the fire along with Takshak. Knowing this, Indra left Takshak's side. As soon as the yagya's hota offered the aahuti in Takshak's name, Takshak became visible in the sky. He was slowly coming closer to the flames of the sacrificial fire. The Ritwij said- 'Maharaj, no one can stop Takshak from falling into the fire, so now you can grant the boon to this Rishi-kumar.' Astik was waiting for this moment. Takshak was about to fall into the fire when Astik said- 'Maharaj! I ask for a boon that your yagya should stop immediately.' Then Aastik, looking at Takshak, said three times-'Stop!' On saying this, Takshak stopped in midair. Janamejaya was bound by his word, he said- 'Let the yagya be finished and all the snakes should be safe now!' On saying this, the yagya stopped. Aastik had protected Takshak and all the other snakes, pleased with which Vasuki asked him to ask for a boon. Aastik asked, 'Whoever recites this story of mine, should never be afraid of snakes!' Then Nagraj Vasuki gave three mantras named Asit, Artiman and Sunith, by reciting which a person does not have to fear snakes. These mantras are- Yo jaratkaruna jaato jaratkarou mahayashah. Aastik: Sarpastrae va: pannagaan yosbhyarakshat. Tam smrantam mahabhaga na maam hinsitumarhath. (I am remembering the famous sage named Aastika who was born from the snake girl named Jaratkaru from the sage Jaratkaru and who protected you snakes in the snake season. Very fortunate snakes! You all do not bite me.) Sarpaapsarp Bhadram Te Gachchh Sarp Mahavish. Janmejayasya Yajyante Aastikvachanam Samar (Mahavishadhar snake! Run away! May you be blessed! Remember the promise you gave to Aastik at the end of Janamejaya's yagya.) Aastikasya vacah shrutva yah sarpo na nivartate murdhani shinsavrikshaphalam yatha (The snake which will not return even after hearing the words of Aastik, its hood will break into hundreds of pieces like rosewood fruit) .)The gods went to Brahma to protect him. Brahma said that Sage Jaratkaru had married Vasuki's sister Jaratkaru. Only their son Aastik can save the snakes. Then mother Jaratkaru prayed to Aastik to save her brother Vasuki. Aastik immediately reached the place of Yagna and started praising King Janmejaya, the priests, etc.

# एक दर्जन से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में, जीवन अस्त-व्यस्त...प्रशासनिक अधिकारी कर रहे खोखले दावे

मुरादाबाद- बाढ़ के पानी ने मूंढापांडे ब्लॉक के एक दर्जन से अधिक गांवों में जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। गांव की गली गली में पानी के बहाव से गांवों के कई मकानों के गिरने का खतरा बना हुआ है। हीरापुर गांव के बाद तो आगे पड़ने वाले गांव का संपर्क पूरी तरह कट चुका है। गांव में फोन के संपर्क के साथ अब बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चौपट हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार प्रशासनिक अधिकारी अब तक केवल जिन गांवों में पानी बाहर तक है उन्हीं का निरीक्षण कर खाना पूर्ति करने में लगे हैं। उधर प्रशासनिक अधिकारी खाने से लेकर दवा और अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करने के खोखले दावे करने लगे हैं। मूंढापांडे ब्लॉक के गांव रझोड़ा कन्नड़ देव में बाढ़ के पानी से संपर्क मार्ग की सड़क धंस गई। इस संपर्क मार्ग से 14 गांव के लोगों का रोज आना जाना होता है। शनिवार की रात को गांव से बाहर जा रहा लकड़ी से भरा ट्रक धंसी सड़क के कारण पलट गया। जिससे गांव में आने जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया था। रविवार को गांव वाले बाढ़ के पानी के बीच शाम तक ट्रक खाली करने में लगे रहे।दोपहर के बाद बाढ़ के पानी का बहाव तेज होने के कारण हीरा पुर, गदई खेड़ा, जैतोरा विसाट, रनिया ठेर, हरपाल नगर, भैया नगला,अहरौला,चक लालपुर तीतरी का संपर्क पूरी तरह आपस में कट गया है। रनिया ठेर गांव में पानी के तेज बहाव के कारण कुशल सिंह के मकान गिरने के कगार पर है। मकान एक तरफ को पूरी तरह से झुक गया है। हीरापुर गांव के बाद आगे गांवों में जाना अपनी जान को खतरे डालने के बराबर है। हीरापुर गांव की हर गली में पानी 40 किलोमीटर की रफ्तार बह रहा। गांव के पूर्व प्रधान के घर के बाहर बने जाहरवीर के मंदिर के सामने बने आधा दर्जन मकान कोसी नदी के बाढ़ के पानी के बहाव से सीधे टकरा रहे है। जिसमें गांव के मदन कठेरिया के मकान की दीवार पानी के तेज बहाव के कारण किसी वक्त भी ढह सकती है। गांव के सतेंद्र कठेरिया का कहना है कि शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों में तहसीलदार रामवीर सिंह और एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र आए थे। लेकिन, रविवार को बाढ़ का पानी गांव दस गुना बढ़ गया है पानी के तेज बहाव से छोटे-छोटे बच्चों के घर के दरवाजे से भी बाहर नहीं निकलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को गांव का ही मुकेश बाइक से अपने बच्चों को स्कूल से लेकर आ रहा था। दोपहर के बाद बाढ़ के पानी का तेज बहाव से होने लगा। जिससे बाइक बच्चों सहित बह गई। वहां खड़े गांव के लोगों ने बच्चों को पकड़ लिया। जिससे बड़ा हादसा होते होते बचा। अब हालात यह है कि पशुओं के भूखे मरने की नौबत आ रही है। घरों के बाहर बह रहे पानी को देखते हुए खेत पर जाने की हिम्मत नहीं हो रही। बराबर के गांव भीथ खेड़ा में बने विद्युत केंद्र में पानी भरने से एक दर्जन से अधिक गांवों की बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चौपट हो गई है। गांव में अब दूर संचार का नेटवर्क भी ठप हो चुका है। छतों पर चढ़ गांव के लोग बाहर काम कर रहे परिवार के लोगों को बाढ़ की स्थिति बता कर घर वापस बुला रहे हैं। हरपाल नगर के ग्रामीणों को भोजन तक नहीं मिल रहा- हरपाल नगर गांव में बिजली नेटवर्क और खाने तक की व्यवस्था पूरी चौपट हो चुकी है। शनिवार तक हरपाल नगर गांव के बाहर तक पहुंचा जा सकता था। लेकिन रविवार की सुबह पानी के बढ़ने से अब हीरापुर गांव के आगे जाने में खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने हरपाल नगर गांव के बाहर नाव लगाकर पल्ला झाड़ लिया है। ऐसे में अब गांव के लोगों के चेहरे पर रात में पानी बढ़ने का खौफ साफ दिखाई दे रहा है। अगर रात में अचानक गांव में बाढ़ का पानी बढ़ता है तो गांव में छाए अंधेरे के कारण गांव के लोगों को अपनी जान बचाने का भी मौका नहीं मिलेगा। अधिकारी कर रहे व्यवस्था के खोखले दावे- प्रशासन गांव में व्यवस्था के नाम बड़े-बड़े दावे कर रहा है। जबकि पूरे गांव में लेखपाल या अन्य कोई कर्मचारी कहीं दिखाई नहीं दिया। गांव निवासी कपिल कुमार ने बताया कि गांव के लेखपाल से कई बार संपर्क किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया है। तहसीलदार गांव में राहत पहुंचाने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी, पशुपालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम होने के दावा कर रहे है। लेकिन हकीकत से अधिकारियों के दावे से बहुत परे है। गांव के लोगों को पशु तक के चारे की दिक्कत आने लगी है। शाम होते ही गांवों में अंधेरे के साथ छाए सन्नाटे में केवल पानी के बहाव का शोर सुनाई दे रहा है। वहीं तहसीलदार सदर रामवीर गांव में पानी उतरने और गांव वालों के लिए राहत सामग्री पहुंचाने के झूठे दावे करने में लगे हैं। लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष - मूंढापांडे ब्लॉक के एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष पनप रहा है। ग्रामीणों का कहना है हर साल बाढ़ आती है। किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। फसल के मुआवजे की रकम के लिए महीनों सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। कई महीनों खेत में फसल पैदा करने में परेशानी आती है। हर साल जिला प्रशासन के अधिकारी गांव में आकर परेशानी पूछते है और चले जाते हैं। क्षेत्र के लोगों को पिछले दस साल कोसी नदी पर बांध बनाए जाने के मुद्दे को जिला प्रशासन हर बार बाढ़ के बाद ठंडे बस्ते में डाल देता है।



■ ग्रामीणों के सामने खाने तक का संकट, ग्रामीण बोले अधिकारी नहीं आए हीरापुर तक, बाढ़ के पानी से टूटा कई गांव का संपर्क

# मुरादाबाद एसएसपी हुए सख्त: विवेचना में साक्ष्यों को किया नजरअंदाज, लापरवाही बरतने पर दरोगा निलंबित

मुरादाबाद में विवेचना के दौरान लापरवाही बरतने पर पाकबड़ा में तैनात दरोगा को निलंबित कर दिया है। इससे पहले भी एसएसपी सतपाल अंतिल ने दो दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया था। सभी पर काम के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। मुरादाबाद में विवेचना के दौरान लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने पाकबड़ा के दरोगा प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया। आरोप है कि दरोगा ने मारपीट की विवेचना में साक्ष्यों को नजरअंदाज कर दिया था। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर कला निवासी मो. परवेज ने 6 जून को चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया था।आरोप था कि गांव के ही निजाम, उसके भाई उमर, जैनुल और शारिक ने मिलकर परवेज के भाई अजमल को लाठी-डंडे से पीटने के बाद धारदार हथियार से घायल कर दिया था। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। इस मामले में विवेचना उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार को सौंपी गई थी। आरोप है कि दरोगा प्रमोद कुमार ने जानबूझकर विवेचना में खेल किया।एसएसपी सतपाल अंतिल को शिकायत मिली कि मारपीट के मुकदमे की विवेचना के दौरान पाकबड़ा के दरोगा ने एमआरआई रिपोर्ट के साक्ष्य को नजरंदाज कर दिया। इस मामले में डॉक्टर का भी बयान नहीं लिया गया। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी ने लापरवाही पर दरोगा प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया। जांच लटकाने पर दो चौकी इंचार्ज हो चुके निलंबित- इससे पहले मुरादाबाद में एक केस की विवेचना चार माह तक लटकाए रखना दो चौकी इंचार्जों को भारी पड़ गया था। एसएसपी सतपाल अंतिल मझोला थाने की जयंतीपुर के वर्तमान प्रभारी नरेंद्र कुमार और तत्कालीन प्रभारी पवन कुमार को निलंबित करते हुए दोनों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। मझोला के जयंतीपुर में अप्रैल माह में 13 वर्षीय किशोर के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। उस वक्त पवन कुमार चौकी इंचार्ज थे। इसके बाद उनका ट्रांसफर आशियाना चौकी पर हो गया था। इनके बाद नरेंद्र कुमार चौकी इंचार्ज बनाए गए। दोनों चौकी इंचार्ज के समय में चार माह बीत गए लेकिन केस की विवेचना पूरी नहीं हुई। शिकायत मिलने पर एसएसपी ने सीओ से जांच कराई तो पता चला कि चौकी प्रभारियों ने इस मुकदमे की विवेचना को गंभीरता से नहीं लिया। रिपोर्ट मिलने के बाद बृहस्पतिवार रात एसएसपी सतपाल अंतिल ने जयंतीपुर चौकी इंचार्ज और आशियाना चौकी प्रभारी पवन कुमार को निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं।



# संभल में बड़ा हादसा: बेकाबू वाहन ने नौ लोगों को रौंदा.. चार की मौत, सड़क किनारे बैठे थे सभी, पलट गया वाहन

मुरादाबाद -रजपुरा के भोपतपुर में सड़क किनारे बैठे नौ लोगों को बोलेरो मैक्स ने कुचल दिया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। गुस्साए लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया। संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र के भोपतपुर में सड़क किनारे बैठे नौ लोगों को तेज रफ्तार बोलेरो मैक्स वाहन ने रौंद दिया। इसमें गांव भोपतपुर निवासी लीलाधर (60), धारामल (40), ओमपाल (33), पूरन की मौत हो गई। ओमप्रकाश (40), गंगा प्रसाद (45), निरंजन (30), जमुना सिंह घायल हो गए। इसमें दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद लोगों ने जाम लगा दिया। पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया। उन्होंने बताया कि सभी सड़क किनारे बैठे थे। गवां की तरफ से आई तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मारी और पलट गई। सभी घायलों को सीएचसी रजपुरा पहुंचाया गया।जहां चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर लोग भड़क उठे और उन्होंने जाम लगा दिया। एसपी कृष्ण विश्नोई ने बताया कि सभी चार शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजें गए हैं। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। डीएम राजेंद्र पेंसिया भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# बहन के जन्मदिन पर केक लेकर लौट रहा था घर, तेज रफ्तार थार ने कुचला, मौके पर तोड़ दिया दम


मुरादाबाद- सिविल लाइन थाना क्षेत्र में देर रात बाइक सवार युवक को थार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही



मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित की शिकायत पर मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक बहन के जन्मदिन पर रविवार रात बाजार से केक लेने गया था। हादसे की सूचना मिलने के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के अमन कुमार पुत्र देवेंद्र कुमार रविवार देर रात 12.30 बजे अपनी छोटी बहन माही के बर्थडे का केक लेकर वापस अपने घर की और लौट रहा था। तभी दिल्ली रोड लोकोशेड पुल की ओर से आ रही तेज रफ़्तार थार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अमन की मौके पर ही मौत हो गई। पिता देवेंद्र कुमार ने बताया कि वह रेलवे में लोको पायलट है। उनके तीन बच्चे हैं। अमन कुमार उनका इकलौता पुत्र था। वह अपनी छोटी बहन माही के बर्थडे का केक लेने के लिए रविवार रात 11 बजे घर से निकला था। लगभग 12.30 वह बाजार से केक लेकर वापस घर लौट रहा था। तभी रास्ते में उसको कार ने टक्कर मार दी।

# दहेज के लिए हत्या: पीट-पीटकर 22 वर्षीय पत्नी को मार डाला, बाइक नहीं देने से नाराज था आरोपी, परिजनों का हंगामा

मुरादाबाद -हसनपुर में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मायके वालों का आरोप है कि उसने पीट-पीटकर बेटी की जान ले ली। उसने इसका कारण दहेज का बताया है।हसनपुर क्षेत्र में दहेज के लिए पति 22 वर्षीय पत्नी मीना विरोध करना के गांव बाईखेड़ा ने पीट-पीटकर की हत्या कर दी। मीना की शादी हुई करीब डेढ़ साल पहले थी। मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी किसान विजय सिंह ने अपनी 22 वर्षीय बेटी मीना की शादी करीब डेढ़ साल पहले अपनी हैसियत के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ही गांव बाईखेड़ा निवासी सुंदर सिंह के साथ की थी। सुंदर मजदूरी करता है। बताते हैं कि शादी के बाद से ही मीना का ससुराल वाले दहेज के लिए उत्पीड़न कर रहे थे।रक्षाबंधन के त्योहार पर मीना ससुराल से अपने मायके गई थी और उसके बाद ससुराल नहीं गई। वह मायके में ही रुकी हुई थी। आरोप है कि एक दिन पूर्व ही उसका पति सुंदर मीना को अपने साथ बुलाकर उसकी ससुराल ले गया था। रविवार की रात को मीना की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई।गला घोटने का भी आरोप लगाया गया है। मध्य रात्रि में पुलिस गांव पहुंची और शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। उधर, मायके वालों ने पहुंच कर हंगामा किया। आरोप है कि दहेज में ससुराल वाले एक अपाचे बाइक और तीन लाख की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि विवाहिता की हत्या का मामला संज्ञान में है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।



क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सीएचसी में प्रसव कराने के नाम पर वसूले पांच हजार रुपये, परिजनों ने लगाया आरोप, प्रदर्शन

मीरगंज सीएचसी के स्टाफ पर फिर अवैध वसूली का आरोप लगा है। गांव नथपुरा निवासी उमेश चंद्र की गर्भवती पत्नी का रविवार को सीएचसी में प्रसव हुआ। उमेश का आरोप है कि प्रसव कराने




के एवज में स्टाफ ने उनसे पांच हजार रुपये लिए हैं। बरेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) मीरगंज पर बृहस्पतिवार को रुपये लेकर प्रसव कराने का एक वीडियो वायरल हुआ था, वो मामला अभी शांत नहीं हुआ। इस बीच सीएचसी स्टाफ पर पांच हजार रुपये लेकर प्रसव कराने का आरोप फिर लगा है। सोमवार को जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी के नेतृत्व में ग्रामीणों व भाजपा सदस्यों ने सीएचसी पर नारेबाजी कर धरना दिया। सूचना पर उपजिलाधिकारी तृप्ति गुप्ता पहुंचीं। उनके समझाने पर तीन घंटे बाद धरना समाप्त कर लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा और बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार से भी शिकायत की गई है।रविवार को गांव नथपुरा निवासी उमेश चंद्र की पत्नी अनीता देवी को प्रसव पीड़ा हुई। वह दोपहर तीन बजे अपनी पत्नी को लेकर सीएचसी पहुंचे। उमेश का आरोप है कि उनसे स्टाफ ने पांच हजार रुपये वसूल लिए। इसके बाद उनकी पत्नी का प्रसव कराया। पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। सोमवार को जब मामला सामने आया तो जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी दर्जनों लोगों के साथ सीएचसी परिसर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर एसडीएम तृप्ति गुप्ता एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनय कुमार पाल भी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। बाद में आश्वासन पर सभी मान गए। इसके बाद चिकित्सा अधीक्षक और एसडीएम ने हाजिरी फाइल की भी जांच की। एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता ने बताया कि मामला गंभीर है। जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रात में कार से निकलते थे बदमाश, वाहनों से चुराते थे डीजल, पुलिस मुठभेड़ में चार गिरफ्तार

बरेली में पुलिस ने ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो वाहनों से डीजल व सामान चोरी करता था। पुलिस और एसओजी टीम ने रविवार रात मुठभेड़ में इस गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दो बदमाश फरार हो गए। बरेली में रविवार रात इज्जतनगर थाना पुलिस और एसओजी टीम




ने मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को दबोच लिया। ये बदमाश रात में बाइक व कार लेकर निकलते थे और सुनसान इलाके में खड़े वाहनों से डीजल व उनका सामान चोरी करते थे। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को पैर में गोली भी लगी है। उनके पास से कार, बाइक, 100 लीटर डीजल और तमंचों समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। दो अन्य बदमाश फरार हो गए। इज्जतनगर थाना इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय और एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार शर्मा रविवार रात करीब 12 बजे इलाके में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर ने बताया कि जिस गिरोह के बदमाश लगातार वाहनों से डीजल रहे हैं। उनमें कई बदमाशों को धीमरी कलापुर नहर के नजदीक देखा गया है। उनके पास कार और बाइक भी है। इससे इज्जतनगर इंस्पेक्टर और एसओजी प्रभारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी। दो बदमाश मौके से हुए फरार - पुलिस को देखकर बदमाश भाग खड़े हुए और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इससे एक बदमाश शिवम उपाध्याय को गोली लग गई। पुलिस ने शिवम समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो बदमाश मौके से भागने में सफल रहे। शिवम हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद का रहने वाला है। पकड़े गए बदमाशों में उसके गांव का गौरव गंगवार, बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव पूरनापुर निवासी मनोज पटेल और कमुआपुर निवासी केशव पटेल शामिल हैं। इनके पास से एक कार, बाइक, 100 लीटर डीजल, खाली केन, पाइप, कीप, हथौड़ा और 3100 रुपये बरामद हुए हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि औरंगाबाद निवासी प्रेम पटेल और कलारी गांव का अजय पटेल मौके से भाग गए थे।चौकीदार को मारी थी गोली - ये सभी बदमाश बारादरी थाना क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर रह रहे थे। रोजाना रात में कार व बाइक लेकर निकलते थे। वाहनों से डीजल व अन्य सामान चोरी करते थे। उन्होंने 10 अगस्त की रात आशुतोष सिटी के सामने और तीन सितंबर की रात भोजीपुरा पुल के नीचे से वाहनों से डीजल चोरी किया था। एक चौकीदार को गोली मार दी थी। इसमें गौरव गंगवार घायल हुआ था। 22 जून और 4 अगस्त को उन्होंने मोबाइल लूटे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार दोपहर बाद चारों बदमाशों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# बारावफात के जुलूस में हादसा: ट्रैक्टर से गिरा किशोर ट्रॉली के टायर नीचे दबा, तोड़ दिया दम.. मच गया कोहराम

गजरौला में ईद मिलादुन्नबी जुलूस में शामिल किशोर के ट्रैक्टर-ट्रॉली से दबने के कारण जान चली गई। मौत की जानकारी मिलने पर जुलूस को रोक दिया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जश्न-ए- ईद मिलादुन्नबी जुलूस में शामिल किशोर की ट्रॉली के टायर के नीचे दबकर मौत हो गई। वह ट्रैक्टर की



सीट पर बैठा था। अचानक ब्रेकर पर झटका लगने के कारण गिर गया। उसकी मौत के गम में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस रोक दिया गया। किशोर के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मामला थाना क्षेत्र के सुनपुरा कलां का है। नजदीकी गांव टोकरा पट्टी से जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शुरू किया गया। जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल थे। कुछ बच्चे, किशोर और युवक ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार थे। उनके पीछे पैदल लोग नारे लगाते चल रहे थे। सुनपुरा कलां गांव निवासी साजिद उर्फ राजिद का बेटा शाकिर ( 13 ) ट्रैक्टर पर सवार हो गया। बताया जा रहा है कि वह ट्रैक्टर की साइड वाली सीट पर बैठ गया। उसने पीछे की तरफ मडगार्ड पर दोनों पैर रख लिए। सुनपुरा कलां में सड़क पर बने ब्रेकर पर ट्रैक्टर ट्रॉली को झटका लगा। जिससे शाकिर नियंत्रित नहीं हो सका और ट्रैक्टर की सीट से गिर कर ट्रॉली के टायर के नीचे दब गया। उसे आनन फानन निजी चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से जुलूस की खुशी गम में बदल गई। जुलूस को बंद कर दिया गया। पुलिस कार्रवाई बिना उसके शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। सीओ श्वेताभ भास्कर का कहना है किशोर की मौत की जानकारी मिली है।

# हाई कोर्ट ने झूठे मामले से पूर्व कैबिनेट मंत्री संदीप वाल्मीकि को किया बा इज्जत बरी

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। मोहल्ला पंसारियांन राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के मुख्यालय पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने इकट्ठे होकर दिल्ली प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री संदीप वाल्मीकि के ऊपर जो झूठ कैसे लगाए गए थे उन सभी मामलों में हाई कोर्ट द्वारा बाय इज्जत भरी करने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और खुशी का इजहार किया उक्त अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अरविंद झंझोट ने कहा कि संदीप वाल्मीकि दिल्ली प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रहते हुए उन्होंने वाल्मीकि दिल्ली समाज के लोगों के हितों के लिए और गरीब कमजोर वर्गों के हितों के लिए कार्य किया और कुछ विरोधियों द्वारा जो उन पर जो झूठे केस लगाकर मामले दर्ज किए थे उन सभी



मामलों में कल दिल्ली प्रदेश के हाईकोर्ट द्वारा बाय इज्जत संदीप वाल्मीकि भरी होने पर वाल्मीकि समाज के लोगों में खुशी की लहर है और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर करके खुशी का इजहार करते हुए शुभकामनाएं दि और हाई कोर्ट न्यायपालिका का भी सही निर्णय सुनाने पर आभार व्यक्त किया उक्त अवसर पर ग्राम सिक्का के तेजपाल महैरोल वाल्मीकि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संदीप वाल्मीकि वाल्मीकि समाज के लिए और गरीब कमजोर वर्गों के लिए उनके हितों के लिए बोलते आए हैं और संघर्ष करते आ रहे हैं उन्होंने कहा कि संदीप वाल्मीकि जैसे और अरविंद झंझोट जैसे संघर्ष सील सामाजिक लोगों का हम सभी को सहयोग करना चाहिए जो समाज के हितों के लिए निरंतर कार्य करते रहते हैं तभी समाज आगे बढ़ पाएगा उक्त अवसर पर अरविंद झंझोट राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच अध्यक्ष नंदू प्रसाद वाल्मीकि जिला संयोजक तेजपाल महरोल ग्राम सिक्का डॉक्टर सुरेश चंद बहोत ग्राम कंडेला मास्टर बिजेंदर रवि वाल्मीकि अरुण झंझोट मुकेश कुमार अनिल कुमार विनोद पहीवाल राजू वाल्मीकि बालेश कुमार आदि शामिल रहे।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# बदायूं में बाढ़ से घिरे 16 गांव: 300 बीघा जमीन रामगंगा में समाई, कटान से दो गांवों का वजूद खतरे में

